Daily Current Affairs 16 August 2022

दैनिक समसामयिकी (Current Affairs) के मुद्दों की महत्त्वपूर्ण जानकारी आज के इस लेख द्वारा उपलब्ध कराई गई है, जो सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में उपयोगी है और हम रोज आपको ऐसे ही gk today current affairs in hindi मैं रोज provide करवाएंगे,और आप Current Affairs In Hindi PDF प्राप्त कर सकतें हो।

1. उड़िया लेखिका डॉ. प्रतिभा रे को डॉ. सी. नारायण रेड्डी राष्ट्रीय साहित्य पुरस्कार किया गया प्रदान
• हाल ही में भारत के उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने हैदराबाद में प्रख्यात उड़िया लेखिका डॉ. प्रतिभा रे को डॉ. सी. नारायण रेड्डी राष्ट्रीय साहित्य पुरस्कार प्रदान किया है। उड़िया भाषा की चर्चित लेखिका डॉ. रे के उपन्यास और लघु कथाओं को काफी सराहा गया है तथा उनमें महत्त्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों को उठाया गया है। उन्हें वर्ष 2011 में ज्ञानपीठ पुरस्कार, वर्ष 2007 में पद्मश्री एवं वर्ष 2022 में पद्मभूषण से सम्मानित किया जा चुका है।

2. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने BBNL और BSNL के विलय को दी मंज़ूरी
• हाल ही केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड (BBNL) के भारत संचार निगम लिमिटेड (BSNL) के साथ विलय की मंज़ूरी दी है। BSNL की संपत्ति का स्वामित्व सरकार के पास होगा। BSNL के पास वर्तमान में 6.83 लाख किलोमीटर से अधिक का ऑप्टिकल फाइबर केबल नेटवर्क उपलब्ध है।
• यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन फंड (USOF) का उपयोग करते हुए भारत की 1.85 लाख ग्राम पंचायतों में 67 लाख किलोमीटर तक ऑप्टिकल फाइबर बिछाया गया है। हालाँकि BSNL के साथ BBNL के विलय की घोषणा पहली बार अप्रैल 2022 में की गई थी। BBNL विशेष प्रयोजन वाहन (SPV) है, जिसे भारतनेट परियोजना को लागू करने हेतु स्थापित किया गया था।

3. पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च ने 'राज्य कानूनों की वार्षिक समीक्षा 2021' रिपोर्ट की जारी
• हाल ही में पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च ने 'राज्य कानूनों की वार्षिक समीक्षा 2021' नामक शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2021 में केरल विधानसभा की बैठक 61 दिनों तक चली, जो किसी भी राज्य में सबसे अधिक है। इसके अलावा केरल में ही 144 अध्यादेश जारी किये गए, जो पिछले साल देश में सबसे अधिक थे।

4. भारत और ओमान के बीच आज से शुरू होगा अल नजाह संयुक्त सैन्य अभ्यास
• भारतीय सेना और ओमान की शाही सेना की टुकड़ियों के बीच भारत-ओमान संयुक्त सैन्य अभ्यास का चौथा संस्करण 'अल नजाह-IV' 01 से 13 अगस्त, 2022 तक महाजन फील्ड फायरिंग रेंज (राजस्थान) के विदेशी प्रशिक्षण नोड में आयोजित किया जा रहा है। ओमान के सुल्तान की पैराशूट रेजिमेंट से 60 सैन्य कर्मियों वाली ओमान की शाही सेना की टुकड़ी अभ्यास स्थल पर पहुंच चुकी है।
• भारतीय सेना की तरफ से 18वीं मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री बटालियन के सैनिक इस अभ्यास में हिस्सा लेंगे। संयुक्त सैन्य अभ्यास अल नजाह का पिछला संस्करण 12 से 25 मार्च 2019 तक मस्कट में आयोजित किया गया था।

5. छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री महतारी न्याय रथ यात्रा की शुरुआत की गई

Daily Current Affairs 16 August 2022

• छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की पहल पर प्रदेश की महिलाओं को उनके संवैधानिक अधिकारों और कानूनों की जानकारी देकर जागरूक करने और उनमें आत्मविश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से 'मुख्यमंत्री महतारी न्याय रथ यात्रा' शुरू की गई है। मुख्यमंत्री महतारी न्याय रथ यात्रा की शुरूआत दुर्ग जिले के पाटन ब्लॉक के करसा गांव से हुई है।

6. वर्ष 2021-22 के दौरान भारत में सर्वाधिक FDI सिंगापुर से आया
• हाल ही में वाणिज्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के क्षेत्र में सर्वाधिक निवेश सिंगापुर और अमेरिका ने किया है। इसके बाद मॉरीशस, नीदरलैंड एवं स्विट्ज़लैंड का स्थान है। भारत ने वित्त वर्ष 2021-22 में 84,835 मिलियन अमेरिकी डॉलर का उच्चतम वार्षिक FDI प्राप्त किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 2.87 बिलियन अमेरिकी डॉलर अधिक था।

7. भारत तिब्बत सीमा पुलिस के महानिदेशक संजय अरोड़ा होंगे • दिल्ली के अगले पुलिस आयुक्तभारत तिब्बत सीमा पुलिस के महानिदेशक और तमिलनाडु कैडर के 1988 बैच के अधिकारी संजय अरोड़ा को दिल्ली का अगला पुलिस आयुक्त नियुक्त किया गया है।
• अरोड़ा को पिछले वर्ष अगस्त में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस का महानिदेशक नियुक्त किया गया था और उन्होंने 1 सितम्बर 2021 को भारत- चीन वास्तविक नियंत्रण रेखा की निगरानी कर रहे बल का प्रभार संभाला था।
• दिल्ली के पुलिस आयुक्त राकेश अस्थाना का कार्यकाल 31 जुलाई, 2022 को समाप्त हो गया है। गृह मंत्रालय के आदेश के अनुसार सशस्त्र सीमा बल के महानिदेशक एस. एल. थाउसेन भारत तिब्बत सीमा पुलिस के महानिदेशक का अतिरिक्त पदभार संभालेंगे।